# डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग (चमोली)




# " समाचार पत्रों की नजर में "



संकलनकर्ता–
डा.आर.सी भट्ट
मीडिया प्रभारी

# कर्णप्रयाग कालेज में प्राचार्य ने समिति के साथ किया नवनिर्मित पीजी ब्लाक का निरीक्षण



**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य व आंतरिक समिति ने नवनिर्मित पीजी ब्लाक का संयुक्त निरीक्षण किया। सोमवार को प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ एवं महाविद्यालय की भूमि-भवन, निर्माण व रख-रखाव समिति के सदस्यों डा.मानवीरेन्द्र सिंह कंडारी, डा.वाई.सी.नैनवाल व जगदीश सिंह रावत ने स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के वर्कर्स को विद्युत सुरक्षा उपायों,रैलिंग एवं अन्य कमियों को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य ने बताया कि निकट भविष्य में महाविद्यालय का नैक(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद)का निरीक्षण होना है और इससे पूर्व पीजी ब्लाक का महाविद्यालय को हस्तांतरण होना आवश्यक है। पीजी ब्लाक के हस्तांतरण से महाविद्यालय में कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ शोध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# Poster Competition

Karnprayag PG College

## पोस्टर प्रतियोगिता में खुशनुमा रही प्रथम

**कर्णप्रयागः** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद ने चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित किया।

विभाग प्रभारी डा. वाईसी नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डा. सुशील चंद्र सती एवं कमलेश चंद्र लोहनी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर पोस्टर व चार्ट विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा खुशनुमा प्रथम, जबकि शिवानी द्वितीय स्थान पर तथा अमीषा तृतीय स्थान पर रही। (संस)

## पोस्टर प्रतियोगिता में

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में रस
ओर से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में
अमीषा तृतीय रही।

विभाग प्रभारी डॉ. वाईसी नैनवाल ने क
सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई
कंडारी ने कहा कि आज हम विज्ञान द्वारा
विज्ञान के अनुप्रयोगों को आत्मसात करने
रसायन विज्ञान डॉ. सुशीलचंद्र सती एवं
छात्राओं को प्रोत्साहित किया। संवाद




## कर्णप्रयाग पीजी कालेज में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता, छात्रा खुशनुमा रही अव्वल।

चमोली, कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. वाई.सी.नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डा. एम. एस. कंडारी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम विज्ञान के प्रयोगों द्वारा ही चांद पर पहुंच पाए हैं। हमें विज्ञान के अनुप्रयोगों को आत्मसात करने की जरूरत है। सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डा. सुशील चंद्र सती एवं कमलेश चंद्र लोहनी ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में छात्रा खुशनुमा प्रथम स्थान पर

**Chemistry Deptt. Association**

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
30-अगस्त-2023
संजय कुमार राजपूत




# कर्णप्रयाग पीजी कालेज में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता, छात्रा खुशनुमा रही अव्वल।

चमोली, कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित किया । इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. वाई.सी.नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डा. एम. एस. कंडारी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम विज्ञान के प्रयोगों द्वारा ही चांद पर पहुंच पाए हैं । हमें विज्ञान के अनुप्रयोगों को आत्मसात करने की जरूरत है । सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डा. सुशील चंद्र सती एवं कमलेश चंद्र लोहनी ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु प्रोत्साहित किया । प्रतियोगिता में छात्रा खुशनुमा प्रथम स्थान पर रही,जबकि शिवानी द्वितीय स्थान पर तथा अमीषा तृतीय स्थान पर रही ।

डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-न्यूज लेटर मोनाल का विमोचन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ ने मोनाल ई-न्यूज लेटर का विमोचन करते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। बताया गया कि ई-न्यूज लेटर में माह जुलाई-अगस्त में महाविद्यालय में आयोजित गतिविधियों और आयोजनों को सचित्र संकलित किया गया है। लैटर में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.सीडी सूंठा ने अपने संदेश में लिखा है कि मोनाल के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बौद्धिक, वैचारिक एवं रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति उजागर होगी। मोनाल के संपादक मंडल में डा.मृगांक मलासी, डा.मदन लाल शर्मा, डा.पंकज कुमार यादव सहित छात्र संपादक के रूप में अमीषा रावत, तनीषा सती और प्रज्ञा को शामिल किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डा.आर.सी.भट्ट ने किया। विमोचन कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सौरभ प्रथम

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से 'इतिहास को जानो' पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सौरभ रावत ने प्रथम, अमनदीप सिंह ने द्वितीय व गौतम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्राध्यापक पूनम, स्वाति सुंदरियाल और डॉ. बीआर अंथवाल आदि उपस्थित थे। संवाद

## विकास के लिए जुड़ें भूतपूर्व छात्र

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में भूतपूर्व छात्र प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड ने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए पूर्व छात्रों की सहभागिता एवं सुझाव आवश्यक हैं। संवाद

epaper हिन्दुस्तान

Share Copy url Save Font Size D'load Image Image Text Listen

# ई-न्यूज लेटर मोनाल का हुआ विमोचन

कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-न्यूज लेटर मोनाल का विमोचन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ ने मोनाल ई-न्यूज लेटर का विमोचन करते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। बताया गया कि ई-न्यूज लेटर में माह जुलाई-अगस्त में हुई गतिविधियों को सचित्र संकलित किया गया है।

# इतिहास को जानो प्रतियोगिता में सौरभ प्रथम

कर्णप्रयाग। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा इतिहास को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑडियो, विजुअल और विकल्पीय राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में सौरभ राठव प्रथम, अमनदीप सिंह द्वितीय और गौतम कुमार तृतीय रहे। प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के प्राध्यापक पूनम, स्वाति सुंदरियाल आदि शामिल रहे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में खुशनुमा रही प्रथम

**कर्णप्रयाग**: डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद ने चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित किया।

विभाग प्रभारी डा. वाईसी नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डा. सुशील चंद्र सती एवं कमलेश चंद्र लोहनी ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर पोस्टर व चार्ट विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा खुशनुमा प्रथम, जबकि शिवानी द्वितीय स्थान पर तथा अमीषा तृतीय स्थान पर रही। (संस)

# इतिहास जानो प्रतियोगिता में सौरभ रहे अव्वल

**कर्णप्रयाग**: डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने इतिहास को जानो प्रतियोगिता के अंतर्गत गोष्ठी और विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया। इतिहास विभाग की प्राध्यापिका पूनम ने कहा कि अतीत की घटनाओं को संजोते हुए अध्ययन कर बेहत्तर ज्ञान हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर तीन चरणों, आडियो राउंड, विजुअल राउंड, वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र सौरभ रावत ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अमनदीप सिंह ने द्वितीय स्थान एवं बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र गौतम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वाति सुन्दरियाल, डा. वीआर अन्थवाल ने कहा कि इतिहास को रूचिकर बनाकर प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहत्तर तैयारी करें। (संसू)

4 दैनिक जागरण देहरादून, 2 सितंबर,2023

एक नजर में

## ई-न्यूज लेटर मोनाल का विमोचन किया

कर्णप्रयाग : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को ई-न्यूज लेटर 'मोनाल' का विमोचन किया गया। इस मौके पर प्रो.केएल तलवाड़ ने बताया कि इसमें जुलाई से अगस्त माह में महाविद्यालय स्तर पर संपन्न विभिन्न गतिविधियों का विवरण सचित्र संकलित किया गया है। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.सीडी सूंठा ने अपने संदेश में लिखा है कि इससे विद्यार्थियों की बौद्धिक, वैचारिक एवं रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति उजागर होगी। ई-न्यूज लैटर के डिजाइनर डा. मदन लाल शर्मा ने बताया कि संपादक मंडल में डा.मृगांक मलासी, डा.मदन लाल शर्मा, डा.पंकज कुमार यादव सहित छात्र संपादक के रूप में अमीषा रावत, तनीषा सती और प्रज्ञा को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। (संसू).

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
30-अगस्त-2023
संजय कुमार राजपूत




# कर्णप्रयाग पीजी कालेज में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता, छात्रा खुशनुमा रही अव्वल।

चमोली, कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित किया । इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. वाई.सी.नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डा. एम. एस. कंडारी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि आज हम विज्ञान के प्रयोगों द्वारा ही चांद पर पहुंच पाए हैं । हमें विज्ञान के अनुप्रयोगों को आत्मसात करने की जरूरत है । सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डा. सुशील चंद्र सती एवं कमलेश चंद्र लोहनी ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु प्रोत्साहित किया । प्रतियोगिता में छात्रा खुशनुमा प्रथम स्थान पर रही,जबकि शिवानी द्वितीय स्थान पर तथा अमीषा तृतीय स्थान पर रही ।

# नौनिहालों की पठन-पाठन सहित अन्य गतिविधियों पर मंथन किया

**संवाद सहयोगी, कर्णप्रयागः** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक परिषद (पीटीए) की बैठक हुई। इस दौरान नौनिहालों की पठन-पाठन पर मंथन किया गया।

प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि पीटीए महाविद्यालय और विद्यार्थियों के बीच सामंजस्य जरूरी है। यह एक सेतु का कार्य करती है और अभिभावकों से मिली जानकारी पर कालेज के भावी कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित की जा सकती है।

पीटीए सचिव डा.वाईसी नैनवाल ने बताया कि महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, रोवर-रेंजर्स, रेडक्रास, युवा पर्यटन क्लब, वाचनालय, करियर काउंसिलिंग सैल, खेल सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हैं।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष कुंवर सिंह नेगी,अभिभावक वीना पुरोहित, गंगोत्री, सुमन सेमवाल, गीता जोशी, कमला वशिष्ठ, दीपा पुरोहित, जानकी प्रसाद नौटियाल, लखपत पुरोहित सहित प्राध्यापक डा.रमेश भट्ट, डा.वेणीराम अन्थवाल, डा.हरीश रतूड़ी व डा.चन्द्रावती टम्टा मौजूद रहे।

## अमर उजाला, 5 सितम्बर 2023

# कॉलेज में ड्रेस कोड लागू करने का दिया सुझाव

कर्णप्रयाग। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में अभिभावक-शिक्षक परिषद (पीटीए) की प्रथम बैठक में अभिभावकों ने कॉलेज में ड्रेस कोड को लागू करने का सुझाव व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने पर जोर दिया। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि पीटीए; महाविद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक सेतु का काम करती है। अभिभावकों से मिले फीडबैक ही कॉलेज के भावी कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करते हैं। पीटीए सचिव डॉ. वाईसी. नैनवाल ने कहा कि महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, रोवर-रेंजर्स, रेडक्रॉस, युवा पर्यटन क्लब, वाचनालय व खेल सुविधाओं की निशुल्क व्यवस्था हैं। संवाद

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
07-सितम्बर-2023 संजय कुमार राजपूत





# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में संस्कृत विभाग ने संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम।

कर्णप्रयाग, चमोली। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को प्रतिवर्ष सम्पूर्ण देश में संस्कृत दिवस मनाया जाता है। महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए श्लोकोच्चारण, निबन्ध, संस्कृतगीत, सम्भाषण शिविर आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. के.एल. तलवाड़ ने संस्कृत सप्ताह के समापन के अवसर पर शुभकामनाएं देते करते हुए कहा कि भारत की दो प्रतिष्ठा हैं, संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति। विभाग प्रभारी डॉ. चन्द्रावती टम्टा ने कहा कि संस्कृत हमारी धरोहर है, इसमें समस्त ज्ञान का भंडार है। कार्यक्रम का संचालन डा. मृगांक मलासी ने किया। इन कार्यक्रमों में पोस्टर प्रतियोगिता में अमीषा रावत प्रथम, शिवानी द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकलगान में रिया प्रथम, ऋतु द्वितीय एवं सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताओ में भी छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सात दिनों तक सम्भाषण शिविर का आयोजन भी डॉ. मृगांक मलासी द्वारा किया गया।इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
09-सितम्बर-2023 संजय कुमार राजपूत





# महाविद्यालय में युवा पर्यटन क्लब के तत्वावधान में ली गई 'हिमालय प्रतिज्ञा।

चमोली, कर्णप्रयाग। महाविद्यालय में युवा पर्यटन क्लब के तत्वावधान में हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत 'हिमालय प्रतिज्ञा' ली गई। प्राचार्य प्रो. के.एल.तलवाड़ ने 'हिमालय प्रतिज्ञा' दिलवाते हुए कहा कि "हिमालय हमारे देश का मस्तक है। विराट पर्वतराज दुनिया के बड़े भूभाग के लिए जलवायु,जन-जीवन और पर्यावरण का आधार है।इसके गगनचुंबी शिखर हमें नई ऊंचाई छूने की प्रेरणा देते हैं। मैं प्रतिज्ञा करता हूं/करती हूं कि मैं हिमालय की रक्षा का हरसंभव प्रयत्न करूंगा/ करूंगी। ऐसा कोई काम नहीं करूंगा/करूंगी,जिससे हिमालय को नुकसान पहुंचता हो।" इस अवसर पर युवा पर्यटन क्लब के संयोजक डा. मदन लाल शर्मा,सह संयोजक डा.के.आर.डंगवाल व डा.मृगांक मलासी सहित समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बद्री विशाल

10 सितम्बर 2023

# हिमालय दिवस पर विद्यालयों में हुए कार्यक्रम, छात्रों को दिलायी शपथ

**कर्णप्रयाग महाविद्यालय में हुए विभिन्न प्रतियोगिताऐं**

**गोपेश्वर।** हिमालय दिवस पर शनिवार को चमोली जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में हिमालय बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये गये। छात्र-छात्राओं को हिमालय प्रतिज्ञा भी दिलवायी गई।



कर्णप्रयाग महाविद्यालय में हिमालय दिवस पर भूगोल विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता मे मोनिका प्रथम, सपना द्वितीय, पोस्टर प्रतियोगिता मे शिवानी प्रथम, किरन द्विती, निबन्ध प्रतियोगिता मे किरन, श्वेता, सारिका थपलियाल, क्रमश प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता मे मोनिका प्रथम, प्रेमा द्वितीय रही। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड, डा. एमएस कंडारी, डॉ तौफिक अहमद, डॉ आरसी भट्ट, डॉ. नरेंद्र पंघाल ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरण किये। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को हिमालय बचाओ की प्रतिज्ञा भी दिलवायी।

वहीं दूसरी ओर हिमालय दिवस पर महाविद्यालय पोखरी में छात्र-छात्राओं को संस्कृत में हिमालय बचाओ अभियान की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य प्रो. पंकज पन्त ने छात्रों को शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि हिमालय क्षेत्र के मौसम चक्र में प्रदूषण के कारण धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है, इन बदलावों से सिर्फप्रकृति के नुकसान के साथ साथ मानव समाज भी प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण हिमालय खतरे में है। हिमालय को इस प्रदूषण से बचाना है तो आम जन मानस को इस मुहिम से जोडना जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. पंकज पन्त, डॉ. नंदकिशोर चमोला, डॉ. राजेश भट्ट आदि मौजूद थे।

# ई-न्यूज लेटर मोनाल का हुआ विमोचन

**कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ई-न्यूज लेटर मोनाल का विमोचन किया गया। शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ ने मोनाल ई-न्यूज लेटर का विमोचन करते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। बताया गया कि ई-न्यूज लेटर में माह जुलाई-अगस्त में हुई गतिविधियों को सचित्र संकलित किया गया है।

# हिमालय को संरक्षित रखने का संकल्प लिया

**संवाद सूत्र, कर्णप्रयाग:** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हिमालय को संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य प्रोफेसर के एल तलवाड़ ने कहा कि पर्वतराज हिमालय देश का मस्तक है, जिसकी समय रहते रक्षा से ही आने वाली पीढ़ी संरक्षित रह सकती है। भूगोल विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, सपना द्वितीय, पोस्टर में शिवानी प्रथम, किरन द्वितीय स्थान पर रही। निबंध में किरन, श्वेता, सारिका थपलियाल, क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में मोनिका, प्रेमा, क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही।

भूगोल विभाग प्रभारी डा. तौफिक अहमद ने कहा कि हिमालयी राज्यों में विकास के नाम पर पर्यावरण को अवैध तरीके से दोहन विनाशकारी हो सकता है। डा आरसी भट्ट ने हिमालय क्षेत्र में जैवविविधता संबंधी परिवर्तन के लिए मानवजनित बताते हुए कहा कि धीरे-धीरे पहाड़ों में बढ़ता तापमान जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा कर रहा है। हिमालयी क्षेत्रों में अब ग्लेशियर के टूटने की घटनाएं बढ़ना, जैव विविधता का ह्रास, प्राकृतिक रूप में वन्य जीवों को हो रहे खतरे के कारण आज कई समस्याओं का सामना हिमालय क्षेत्र को करना पड़ रहा है। आज भी हमारे जल, जीवन और पर्यावरण का मुख्य आधार हिमालय है। हमें इसके संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। डा. नरेंद्र पंघाल कहा कि नई पीढी को हिमालय के प्रति चेतना के लिए आगे आकर समाज को भी जागरूक करना होगा।

# पोस्टर प्रतियोगिता में खुशनुमा प्रथम

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में रसायन विज्ञान विभागीय परिषद की ओर से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में खुशनुमा प्रथम, शिवानी द्वितीय, अमीषा तृतीय रही।

विभाग प्रभारी डॉ. वाईसी नैनवाल ने कहा कि विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएस कंडारी ने कहा कि आज हम विज्ञान द्वारा ही चांद पर पहुंच पाए हैं। हमें विज्ञान के अनुप्रयोगों को आत्मसात करने की जरूरत है। सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डॉ. सुशीलचंद्र सती एवं कमलेशचंद्र लोहनी ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। संवाद

# भाषण में अखिलेश निबंध में निकिता प्रथम

**गोपेश्वर/कर्णप्रयाग।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने शहीद पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वहीं पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में पं. गोविंद बल्लभ पंत का योगदान' विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में अखिलेश, प्रज्ञा व सलोनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। वहीं, 'पं.गोविंद बल्लभ पंत का व्यक्तित्व व कृतित्व' विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय व पायल तृतीय रहीं।

निर्णायक मंडल में डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ. तौफिक अहमद, डॉ. विजय कुमार, डॉ. डीएस राणा व डॉ. वीआर.अंथवाल थे। संवाद

# हिंदुस्तान, 11सितंबर 2023

## कर्णप्रयाग में पंत को श्रद्धासुमन अर्पित किए

कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में भारत रत्न पं.गोबिन्द बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान डा.कविता पाठक,डा.शीतल देशवाल,डा.स्वाति आदि मौजूद थे।

## पं.गोविंद बल्लभ पंत जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की

**संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग:** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और थराली के तलवाड़ी स्थित राजकीय महाविद्यालय में भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कर्णप्रयाग में प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डा.कविता पाठक के संयोजकत्व में 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में पं.गोविंद बल्लभ पंत का योगदान' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अखिलेश, प्रज्ञा व सलोनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। वहीं, 'पं.गोविंद बल्लभ पंत का व्यक्तित्व व कृतित्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय व पायल तृतीय रहीं। प्रतियोगिता आयोजन समिति में डा.शीतल देशवाल,डा.स्वाति सुन्दरियाल, डा.हिना नौटियाल व डा.पूनम बतौर सदस्य सम्मिलित रहे।

### ऋपिता व रोहित रहे अव्वल

**कर्णप्रयाग:** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में ऋपिता व रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. वीएल बैरवाण को क्विज प्रतियोगिता का संयोजक नियुक्त किया गया। केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रश्नावली तैयार की गई। प्रथम स्थान पर ऋपिता व रोहित, द्वितीय स्थान पर प्रज्ञा एवं तृतीय स्थान पर प्राची, अंकुर व नेहा रहे। आयोजन में डा.विजय कुमार व डा.स्वाति सुंदरियाल ने सहयोग दिया।

### निबंध प्रतियोगिता में भावना देवराड़ी प्रथम

थराली: राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में पंडित गोविंद बल्लभ पंत के योगदान को याद किया गया। पंत के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व शीर्षक पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे क्रमशः भावना देवराड़ी, हिमांशी व तनुजा देवराड़ी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक रजनीश कुमार, मनोज कुमार, डा संतोष पंत, डा जमशेद अंसारी, गुड्डू सिंह मौजूद थे।

### आजादी दिलाने में भारत रत्न पंत की थी महत्वपूर्ण भूमिका

रुद्रप्रयाग: जनपद में भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कार्यालय तथा विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर अनावरण किया। कहा कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे पंत ने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। (संस)

### समाज में व्याप्त बुराई को दूर करने का किया था कार्य

गोपेश्वर: भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की जयंती जनपद में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने शहीद पार्क में पंडित गोविंद बल्लभ पंत को श्रद्धांजलि दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने, जमींदारी उन्मूलन आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए। (संस)

### जीवी पंत के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान

नई टिहरी: पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती जिला मुख्यालय सहित जिले में धूमधाम से मनाई गई। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पंत के जन्म शताब्दी समारोह पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्व. पंत जी का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए। (संस)

# स्लोगन में मोनिका रहीं प्रथम

कर्णप्रयाग। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में 'हिमालय दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में हिमालय के संरक्षण पर जोर दिया गया। इस दौरान हुई स्लोगन प्रतियोगिता में मोनिका, सपना, पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी, किरन, निबंध में किरन, श्वेता क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, प्रेमा द्वितीय रहीं। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एमएस कंडारी, डॉ. तौफिक अहमद मौजूद रहे। संवाद

# पोस्टर स्पर्धा में नवल जोशी ने मारी बाजी

कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा चन्द्रयान-3 विषय पर पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में नवल किशोर जोशी प्रथम, प्रिया रतूड़ी द्वितीय और कामिनी सती तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में सुखबीर सिंह, सुप्रिया रतूड़ी व नवल किशोर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।

विभाग प्रभारी डा.मानवीरेन्द्र कंडारी के निर्देशन में संयोजक डा.कमल किशोर द्विवेदी एवं डा.जितेंद्र सिंह द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में बीएससी.प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग व भाषण के माध्यम से इस अभियान की सफलता बताई।

# गढ़वाल समाचार

# महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग ने आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताएं



**गोपेश्वर ( बद्री विशाल )।** चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय में बुधवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से वाद-विवाद, क्विज, निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. केएल तलवाड़ ने कहा कि राजनीति विज्ञान विषय छात्रों को राजनीति के हर पहलू से अवगत कराता है। इसलिए छात्रों को चाहिए कि विषय को गंभीरता से अध्ययन कर जानकारी हासिल करें। महाविद्यालय में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय था छात्र संघ चुनाव की प्रासंगिकता, में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके इस बात पर जोर दिया कि स्वस्थ छात्र राजनीति के माध्यम से देश प्रदेश की राजनीति तक पहुंचा जा सकता है। प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम, अनुपमा द्वितीय तथा सोनम तृतीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में सुमित, सानिया, सारिका, साक्षी, दिव्या प्रथम जबकि सोनाली, प्रीति, निशा, लक्ष्मण, स्नेहा, संजना, द्वितीय स्थान पर रहे। चुनावी राजनीति और मतदान व्यवहार विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सारिका थपलियाल प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय तथा अनामिका तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में सार्थक सिंह और प्रज्ञा प्रथम, अमीषा द्वितीय तथा खुशनुमा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. कविता पाठक, डा. मदन शर्मा, डा.कीर्तिराम डंगवाल आदि मौजूद थे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में अमीषा व एकल गान में रिया प्रथम

संवाद सूत्र, कर्णप्रयाग : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संस्कृत सप्ताह का समापन हुआ। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में अमीषा रावत प्रथम, शिवानी द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गान में रिया प्रथम, ऋतु द्वितीय एवं सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को प्रतिवर्ष संस्कृत दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के प्रभारी डा. चन्द्रावती टम्टा, डा. मृगांक मलासी आदि लोग मौजूद रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम

**संवाद सूत्र, कर्णप्रयाग**: डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम, अनुपमा द्वितीय तथा सोनम तृतीय स्थान पर रही। क्विज में सुमित, सानिया, सारिका, साक्षी, दिव्या प्रथम स्थान पर रहे जबकि सोनाली, प्रीति, निशा, लक्ष्मण, स्नेहा, संजना, द्वितीय स्थान पर रहे। 'चुनावी राजनीति और मतदान व्यवहार" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सारिका थपलियाल प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय तथा अनामिका तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता में सार्थक सिंह व प्रज्ञा प्रथम स्थान, अमीषा द्वितीय स्थान तथा खुशनुमा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. कविता पाठक, डा. मदन शर्मा व डा.कीर्तिराम डंगवाल सहित अनेक प्राध्यापक व राजनीति विज्ञान विषय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय : राजनीति विज्ञान विभाग ने आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताएं




**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बुधवार को ऑडिटोरियम में विज्ञान विषय के छात्र छात्राओं ने वाद- विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर- चार्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. के. एल. तलवाड़ ने कहा कि राजनीति विज्ञान विषय छात्रों को राजनीति के हर पहलू से अवगत कराता है। वाद - विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय था ₹छात्र संघ चुनाव की प्रासंगिकता ₹, में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके इस बात पर जोर दिया कि स्वस्थ छात्र राजनीति के माध्यम से प्रदेश की राजनीति तक पहुंचा जा सकता है।

इस प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम स्थान, अनुपमा द्वितीय स्थान तथा सोनम तृतीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में सम्मिलित एन.ई पी. के छात्र-छात्राओं में सुमित, सानिया, सारिका, साक्षी, दिव्या प्रथम स्थान पर रहे जबकि सोनाली ,प्रीति, निशा, लक्ष्मण, स्नेहा, संजना, द्वितीय स्थान पर रहे। चुनावी राजनीति और मतदान व्यवहार विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सारिका थपलियाल प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय तथा अनामिका तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता में सार्थक सिंह व प्रज्ञा प्रथम स्थान,अमीषा द्वितीय स्थान तथा खुशनुमा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डा. कविता पाठक ,डा. मदन शर्मा व डा.कीर्तिराम डंगवाल सहित अनेक प्राध्यापक व राजनीति विज्ञान विषय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अमर उजाला 14 सितंबर 2023

**न्यूज डायरी**

## क्विज प्रतियोगिता में सुमित रहे प्रथम

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से वाद-विवाद, क्विज, निबंध और पोस्टर-चार्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में सुमित प्रथम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. केएल तलवाड़ ने किया। इस दौरान 'छात्र संघ की प्रासंगिकता' विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रज्ञा प्रथम, अनुपमा द्वितीय व सोनम तृतीय रहीं। क्विज प्रतियोगिता में सुमित, सानिया, सारिका, साक्षी, दिव्या प्रथम, सोनाली, प्रीति, निशा, लक्ष्मण, स्नेहा, संजना, द्वितीय स्थान पर रहे। 'चुनावी राजनीति और मतदान व्यवहार' विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में सारिका थपलियाल प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता में सार्थक सिंह व प्रज्ञा प्रथम, अमीषा द्वितीय रहे। संवाद

# पीजी कालेज कर्णप्रयाग की एम.ए.अर्थशास्त्र की छात्राओं को कराया ग्रोथ सेंटर का भ्रमण




**चमोली, कर्णप्रयाग (बुलन्द वाणी ● संजय राजपूत)।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग के एम.ए.अर्थशास्त्र की छात्राओं ने जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग के ग्रोथ सेंटर में लघु एवं कुटीर उद्योगों की बारीकियों को समझा अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.बी.एल.बैरवाण के नेतृत्व में छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के सभी पहलुओं से रू-ब-रू कराया गया। ग्रोथ सेंटर के समन्वयक भास्कर पुरोहित ने विद्यार्थियों को कच्चा माल, बैंक ऋण, मशीनरी,पैकिंग व मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। ग्रोथ सेंटर में उपलब्ध सोवेनियर, कला कृतियों,बेकरी प्रोडक्ट व मिलेट की निर्माण प्रक्रिया को समझने में विद्यार्थियों ने खासी रुचि दिखाई। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ जो स्वयं अर्थशास्त्र के प्राध्यापक रहे हैं ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी देना भी जरूरी है।शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की अनेक जिज्ञासाओं का निराकरण भी स्वतः ही हो जाता है। शैक्षणिक भ्रमण में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर अर्थशास्त्र की सोनम, दीप्ति, बबीता व ऋतु आदि सम्मिलित रहीं।

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में डा. शिवानंद नौटियाल की स्मृति में शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला प्रारंभ

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

चमोली, कर्णप्रयाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला का आयोजन आरंभ किया गया। इस श्रृंखला के प्रथम कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गढ़वाल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. डी. एस. नेगी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ द्वारा किया गया।उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन राजकीय महाविद्यालयों में एक नई शुरूआत है जिससे संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इन व्याख्यानों से छात्रों के ज्ञानार्जन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी होगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. इंद्रेश कुमार पाण्डेय ने मंच संचालन करते हुए बताया कि वर्षभर चलनेवाली इस व्याख्यानमाला में देश-विदेश के विभिन्न विषय विशेषज्ञ भौतिक या ऑनलाइन व्याख्यान देंगे। इससे महाविद्यालय के छात्र लाभान्वित होंगे और वर्तमान में अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में हो रहे शैक्षणिक एवं शोध कार्यों से अवगत होंगे। डा. शिवानंद नौटियाल के नाम पर प्रारंभ की गई शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला उनको सच्ची श्रद्धांजलि है।



डा. शिवानंद नौटियाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डा. हरीशचन्द्र रतूड़ी ने उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता का परिचय और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी डा.गोपी प्रसाद ने दी। प्रो. डी.एस. नेगी ने 'द न्यू टेक्नोलॉजी ऑफ सक्सेस' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. नेगी एक प्रख्यात न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग प्रशिक्षक हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन के विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाकर सफल जीवन जीने के तरीके को विस्तार से बताया। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सीमित संसाधनों का उपयोग करके सफलता की दर को बढ़ाने के गुर भी बताये। कार्यक्रम के अंत में डा.आर. सी. भट्ट द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में व्याख्यानमाला शुरू

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में डॉ. शिवानंद नौटियाल स्मृति में शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता गढ़वाल विवि के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने द न्यू टेक्नोलॉजी ऑफ सक्सेस विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि इस आयोजन से संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी व छात्रों के ज्ञानार्जन के साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा। संयोजक डॉ. इंद्रेश पांडेय ने कहा कि वर्ष भर चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न विषय विशेषज्ञ भौतिक या ऑनलाइन व्याख्यान देंगे। इस दौरान डॉ. हरीश मौजूद रहे। संवाद

# हिंदी लेखन की उपयोगिता बताई

कर्णप्रयाग : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस पर विश्व में बढ़ रही हिंदी की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर केएल तलवाड़, हिंदी विभाग से डा. राधा रावत ने हिंदी लेखन की उपयोगिता के विषय में बताया। कहा हमें मातृभाषा के अध्यापन के साथ लेखन की विधा को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

बुलंदवाणी 17 सितंबर 2023



# चमोली जिले में अयोजित की गयी उत्तराखण्ड की साहित्य परम्परा पर शोध-संगोष्ठी

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**चमोली, कर्णप्रयाग।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत माह का प्रारम्भ किया गया है। जिसका शुभारम्भ दिनांक 15 सितम्बर 2023 को चमोली जिले से किया गया। डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग के जनपद संयोजक, संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. मृगांक मलासी को चमोली जिले का संयोजक बनाया गया है। संगोष्ठी का विषय था झ उत्तराखण्डस्य साहित्यपरम्परा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कर्णप्रयाग महाविद्यालय की छात्राओं अमीषा रावत एवं सलोनी द्वारा वैदिक मंगलाचरण से हुआ। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के शोध अधिकारी डा. हरीश गुरुरानी ने अपने प्रास्ताविक उद्बोधन में कहा कि अकादमी ने इस वर्ष संस्कृत मास मनाने का संकल्प लिया है जिसे उत्तराखण्ड के प्रत्येक जिले में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जोरावर सिंह ने उत्तराखण्ड की साहित्य परम्परा पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यद्यपि उत्तराखण्ड पूर्व में उत्तरप्रदेश के अन्तर्गत था तथापि ऐतिहासिक दृष्टि से ईसा की आठवीं शताब्दी के आस-पास संस्कृत आचार्यों का उल्लेख प्राप्त होता है। यदि इस क्षेत्र में और अधिक अनुसंधान किया जाए तो यह परम्परा इससे भी प्राचीन सिद्ध होगी। श्रीहरि का प्रथम उल्लेख हमें प्राप्त होता है जो चन्द्रवंशीय राजाओं के मूल पुरुष सोमदेव के साथ इस देवभूमि में आए। इन्हीं की परम्परा के सत्रहवीं शताब्दी में प्रख्यात विद्वान-विश्वेश्वर पाण्डेय हुए। उर्वीदत्त पाण्डेय, पण्डित बालकृष्ण भट्ट, पण्डित गोपाल दत्त पाण्डेय, सदानन्द डबराल, डा. अशोक डबराल आदि विद्वानों ने इस परम्परा को अनवरत जारी रखा। आज 21 वीं शताब्दी में आचार्य शिवप्रसाद भारद्वाज, आचार्य जगदीश सेमवाल, आचार्य हरिनारायण दीक्षित, डा. निरंजन मिश्र आदि विद्वान संस्कृत साहित्य में नूतन ग्रन्थों का प्रणयन कर रहे हैं। यह भी हर्ष का विषय है कि वर्तमान में नये युवा भी संस्कृत गीत, ग्रन्थ आदि की रचना कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सविता मोहन, पूर्व संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड जो कि उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की प्रथम सचिव भी रही हैं, ने कहा कि ये बड़े गौरव का विषय है कि उत्तराखण्ड में संस्कृत साहित्य की परम्परा को अन्य लोग भी जानेंगे। देवभूमि में पुराणों की भी रचना हुई है। ये धरती वेद, उपनिषद्, दर्शन, योग, साहित्य आदि समस्त कलाओं की भूमि है। सैकड़ों विद्वानों ने अपनी सारस्वत साधना से यहाँ का नाम गौरवान्वित किया है।

कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. हरीश बहुगुणा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सौ से अधिक छात्र-छात्राएँ एवं अन्य जन सम्मिलित हुए। समस्त कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से हुआ। संगोष्ठी में संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. चन्द्रावती टम्टा, डॉ. हरीश बहुगुणा व डा.पंकज कुमार सहित अन्य प्राध्यापक,शोध छात्र व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कर्णप्रयाग कॉलेज में डा. शिवानंद नौटियाल की स्मृति में शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला शुरू



तीर्थ चेतना न्यूज

कर्णप्रयाग। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, कर्णप्रयाग में नई शुरूआत के तहत डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला का विधिवत शुभारंभ हो गया।

शुक्रवार को शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला के प्रथम कार्यक्रम में प्रो. डीएस नेगी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने और प्रिंसिपल प्रो. केएल तलवाड़ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन राजकीय महाविद्यालयों में एक नई शुरुआत है जिससे संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

इन व्याख्यानों से छात्रों के ज्ञानार्जन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी होगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. इंद्रेश कुमार पाण्डेय ने मंच संचालन करते हुए बताया कि वर्षभर चलनेवाली इस व्याख्यानमाला में देश-विदेश के विभिन्न विषय विशेषज्ञ भौतिक या अहनलाइन व्याख्यान देंगे।

इससे महाविद्यालय के छात्र लाभान्वित होंगे और वर्तमान में अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में हो रहे शैक्षणिक एवं शोध कार्यों से अवगत होंगे। डा. शिवानंद नौटियाल के नाम पर प्रारंभ की गई शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला उनको सच्ची श्रद्धांजलि है।

डा. शिवानंद नौटियाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डा. हरीशचन्द्र रतूड़ी ने उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता का परिचय और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी डा.गोपी प्रसाद ने दी। प्रो. डी.एस. नेगी ने द न्यू टेक्नोलॉजी ऑफ़ सक्सेसष विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. नेगी एक प्रख्यात न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग प्रशिक्षक हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन के विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाकर सफल जीवन जीने के तरीके को विस्तार से बताया। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सीमित संसाधनों का उपयोग करके सफलता की दर को बढ़ाने के गुर भी बताये। कार्यक्रम के अंत में डा.आर. सी. भट्ट द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान 18 सितम्बर 2023

## ओजोन दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

कर्णप्रयाग। विश्व ओजोन दिवस पर पीजी कालेज के भूगोल विभाग ने गोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में डा. तौफीक अहमद, डा. आरसी भट्ट, डा. नेहा तिवारी, डा. नरेंद्र पंघाल, डा. वीपी भट्ट, डा. डीएस राणा और डा. वीआर अंथवाल ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी। मौके पर हिमानी, स्वेता, प्रेमा, सुमन नेहा, निधि, रिंकी आदि मौजूद थे।

# अमर उजाला,18 सितम्बर 2023

## ओज़ोन परत के संरक्षण पर जोर

कर्णप्रयाग/पौड़ी। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में भूगोल विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी में ओजोन परत के संरक्षण पर जोर दिया गया। गोष्ठी में डॉ. आरसी भट्ट कहा कि ओजोन परत पृथ्वी पर सूर्य से निकलने वाली हानिकारक किरणों से हमें बचाती है और पृथ्वी पर जीवन को संरक्षित करने में मदद करती है। पौड़ी जिले के महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे, रसायन व वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। डॉ. छाया सिंह, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. नीरज असवाल ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी का रक्षा कवच है। संवाद

# डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग

## महाविद्यालय में रोजगार कौशल प्रशिक्षण हुआ शुरू

संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग: डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाउंडेशन) की ओर से छह दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में आवश्यक है। कार्यक्रम के संचालक डा. हरीश बहुगुणा ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम प्रशिक्षिकाओं का स्वागत किया। नांदी फाउंडेशन की ओर से आए हुए प्रशिक्षिकाओं योगिता, रितिका, ज्ञानेश्वरी ने कार्यक्रम के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। प्राध्यापक विजय कुमार, कमल किशोर द्विवेदी, पूनम ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डा. एमएस कंडारी, डा. तौफीक अहमद, डा. सतीश चंद्र सती, डा. मदन लाल शर्मा, डा.मृगांक मलासी, डा. चंद्रमोहन जनस्वाण, प्राध्यापक दीप सिंह, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र पंघाल, डा. चंद्रावती, स्वाति सुंदरियाल आदि मौजूद रहीं।

### रक्तदान को रक्त कोष में 200 ने कराया पंजीकरण

संवाद सहयोगी, कर्णप्रयाग: महाविद्यालय परिसर में ई-रक्त कोष से संबंधित पंजीकरण कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्ता के बारे में बताया। चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को रक्तदान एवं उससे संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक डा. मृगांक मलासी ने कहा कि ई-रक्त कोष के माध्यम से कोई भी दुर्घटना होने पर हम तुरंत सहायता दे सकते हैं और सहायता प्राप्त भी कर सकते हैं। कार्यक्रम में डा.दीप सिंह, डा.नरेंद्र पंघाल, डा.चंद्रमोहन जनस्वाण, डा.जितेंद्र कुमार, डा.सुशील सती सहित समस्त प्राध्यापक सम्मिलित रहे। ई-रक्त कोष पोर्टल पर लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने पंजीकरण करवाया।

**दैनिक जागरण** 19 सितंबर 2023

19 सितंबर 2023 दैनिक बुलन्द वाणी

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में रोजगार कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ








**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम (नांदी फाउंडेशन) की ओर से 6 दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण की आवश्यकता छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में अत्यंत आवश्यक है,क्योंकि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राएं रोजगार कौशल प्राप्त कर पाएंगे एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आंतरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का विकास छात्र-छात्राएं किस प्रकार कर सकते हैं इस कार्यक्रम के माध्यम से सीखेंगे। कार्यक्रम के संचालक डा. हरीश बहुगुणा ने महिंद्रा प्राइड क्लासरूम प्रशिक्षिकाओं का स्वागत किया । नांदी फाउंडेशन की ओर से आए हुए प्रशिक्षिकाओं सुश्री योगिता, सुश्री रितिका, सुश्री ज्ञानेश्वरी ने कार्यक्रम के विषय में महाविद्यालय की छात्राओं को जानकारी दी एवं भविष्य निर्माण में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। प्राध्यापक विजय कुमार, कमल किशोर द्विवेदी, श्रीमती पूनम ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा. एम.एस. कंडारी, डा. तौफीक अहमद, डा. सतीश चंद्र सती, डा. मदन लाल शर्मा, डा.मृगांक मलासी, डा. चंद्रमोहन जनस्वाण, प्राध्यापक दीप सिंह, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र पंघाल, डा. चंद्रावती, श्रीमती स्वाति सुंदरियाल आदि सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# हिंदुस्तान, 19 सितम्बर 2023

## कर्णप्रयाग में रोजगार कौशल प्रशिक्षण शुरू

कर्णप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को छह दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए प्राचार्य प्रो.केएल. तलवाड़ ने छात्र-छात्राओं से रोजगार कौशल अपनाने की बात कही। इस अवसर पर डा. हरीश बहुगुणा सहित कई अन्य मौजूद थे।

## महाविद्यालय में हुई ई-रक्तकोष की स्थापना

कर्णप्रयाग। डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग चमोली में सोमवार को ई-रक्त कोष से संबंधित पंजीकरण कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य प्रो. केएल. तलवाड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की हमारे जीवन में ऐसे प्रकल्पों की अत्यन्त आवश्यकता है। चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार ने विद्यार्थियों को रक्तदान की जानकारी दी।

# बुलंदवाणी 20 सितंबर 2023

## कर्णप्रयाग पीजी कालेज में फिजिक्स डिपार्टमेंट द्वारा मैक्सिको विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक का व्याख्यान आयोजित

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



**चमोली, कर्णप्रयाग।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला श्रृंखला का द्वितीय व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मेक्सिको विश्वविद्यालय में कार्यरत अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा. राकेश पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. के. एल. तलवाड़ द्वारा किया गया।उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को विषय को गहराई से समझने में सुविधा होगी।व्याख्यानमाला के समन्वयक डा. इंद्रेश कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्षभर चलनेवाली इस व्याख्यानमाला की उपयोगिता बताई। इन व्याख्यानों से महाविद्यालय के छात्र वर्तमान में अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में हो रहे शैक्षणिक एवं शोध कार्यों से अवगत होंगे। भौतिक विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभाग प्रभारी डा. मानवीरेन्द्र सिंह ने अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के संयोजक डा.कमल किशोर द्विवेदी ने मुख्य वक्ता का परिचय और शोध क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। 'आकाशगंगा में तारों के जीवन-चक्र' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान में अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न पहलूओं पर विस्तार से विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अंत में डा.हरीश रतूड़ी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डा.जितेन्द्र सिंह, डा. विजय कुमार, डा.हरीश बहुगुणा सहित सभी शिक्षक व तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों की सांस्कृतिक परिवेश की दी जानकारी

कर्णप्रयागः डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड व कर्नाटक राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल पर आयोजित कार्यक्रम देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम करने का सराहनीय प्रयास है। मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा.वेणीराम अन्थवाल ने स्लाइड शो के जरिए कर्नाटक सहित उत्तराखंड की सांस्कृतिक परिवेश व पर्यटन की जानकारी दी। प्रज्ञा ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन से उत्तराखंड व कर्नाटक के विभिन्न पहलुओं परप्रकाश डाला। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. चंद्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डा. चंद्रमोहन जनस्वाण, डा. हिना नौटियाल आदि मौजूद रहे। (संस)

# 'आकाशगंगा में तारों के जीवन चक्र' को समझाया

कर्णप्रयाग। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में डॉ. शिवानंद नौटियाल स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

'आकाशगंगा में तारों के जीवन-चक्र' विषय पर हुई व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता मेक्सिको विवि में कार्यरत अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. राकेश पांडेय ने अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को विषय को गहराई से समझने में सुविधा होगी। इस दौरान विभाग प्रभारी डॉ. मानवीरेंद्र सिंह, इंद्रेश पांडेय, डॉ. कमल किशोर, डॉ. हरीश आदि मौजूद रहे। संवाद

# छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी दी

कर्णप्रयाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में डा. शिवानंद नौटियाल स्मृति शैक्षणिक उत्कृष्टता व्याख्यानमाला श्रृंखला में द्वितीय व्याख्यान आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मेक्सिको विश्वविद्यालय में कार्यरत अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. राकेश पाण्डेय रहे। इस दौरान वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में विभिन्न जानकारियां दी।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत महाविद्यालय कर्णप्रयाग में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गोपेश्वर (बद्री विशाल)।** चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय में बुधवार को एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत एनएसएस के स्वयं सेवकों ने उत्तराखंड और कर्नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है। यह देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम करने का एक सराहनीय प्रयास है। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. वेणीराम अन्थवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कर्नाटक राज्य, जिसे उत्तराखण्ड के साथ संबद्ध किया गया है, के खान-पान, सांस्कृतिक परिवेश और पर्यटन की जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी। छात्रा प्रज्ञा ने अपने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उत्तराखण्ड और कर्नाटक के विभिन्न पहलुओं पर तुलना करते हुए जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने बताया कि समय-समय पर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्र मोहन जनस्वाण और डा.हिना नौटियाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कर्नाटक और उत्तराखण्ड की संस्कृति का आदान-प्रदान होगा और इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। के तहत कार्यक्रम आयोजित करते हुए।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

**कर्णप्रयाग।** एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के एनएसएस छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई के तत्वावधान में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम पर स्वयंसेवी छात्रों ने उत्तराखंड तथा कर्नाटक राज्य की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ ने कहा कि केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की इस पहल से विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम होगी। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा.वेणी राम अंथवाल ने कर्नाटक और उत्तराखंड के खान पान, सांस्कृतिक परिवेश और पर्यटन की जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से कर्नाटक के विभिन्न पहलुओं को भी प्रदर्शित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चंद्रावती टम्टा ने बताया कि समय-समय पर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी डा.चंद्रमोहन जनस्वाण व डा.हिना नौटियाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कर्नाटक व उत्तराखंड की संस्कृति का आदान-प्रदान होगा।



कर्णप्रयाग में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

# छात्र-छात्राओं ने जानी अंतरिक्ष विज्ञान की उपयोगिता

**कर्णप्रयाग**: डा.शिवानंद नौटियाल की स्मृति में आयोजित विशेष व्याख्यान माला में राजकीय महाविद्यालय भौतिक संकाय के नौनिहालों ने भाग लिया। आनलाइन मुख्य वक्ता मैक्सिको विश्वविद्यालय में कार्यरत अंतरिक्ष विशेषज्ञ डा. राकेश पाण्डेय ने अंतरिक्ष विज्ञान की उपयोगिता को बताया।

प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विज्ञान के प्रति छात्र-छात्राएं अपनी जिज्ञासा को शांत कर सकते हैं। साथ ही छात्रों को विषय को समझने में सुविधा होगी। विभाग प्रभारी डा. मानवीरेन्द्र सिंह ने अंतरिक्ष विज्ञान के महत्व के बारे में बताया। संयोजक डा.कमल किशोर द्विवेदी ने मुख्य वक्ता का परिचय और शोध क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। 'आकाशगंगा में तारों के जीवन-चक्र' विषय पर आनलाइन व्याख्यान में अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न पहलूओं पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डा.जितेन्द्र सिंह, डा. विजय कुमार आदि मौजूद रहे। (संस)

# विजेता छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

कर्णप्रयाग। स्थानीय महाविद्यालय में भारतरत्न पं.गोविंद वल्लभ पंत की 136 वीं जयंती 10 सिंतबर के अवसर पर आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को नकद धनराशि व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो.केएल.तलवाड़ आदि थे।

# हंस फाउंडेशन ने दिए कॉलेज को फर्नीचर

कर्णप्रयाग। हंस फाउंडेशन द्वारा डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग को 24 कंप्यूटर टेबल और 96 चेयर भेंट की हैं। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इससे छात्रों को काफी सुविधा होगी। इसके लिए उन्होंने आभार जताया।

# छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

कर्णप्रयाग। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखण्ड व कर्नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।

बुधवार को महाविद्यालय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। मौके पर डा.चन्द्र मोहन, डा.हिना आदि थे।

# ओजोन संरक्षण के लिए भागीदारी जरूरी

**कर्णप्रयाग** : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ओजोन दिवस भूगोल विभाग की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर भूगोल विभाग से विभाग प्रभारी डा. तौफिक अहमद ने पालीथीन के प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी छात्र-छात्राओं को देते हुए कहा कि भले ही पालीथीन का उपयोग कम हुआ हो। लेकिन, आज भी अधिकांश उत्पाद की पैकिंग प्लास्टिक में ही बाजारों तक पहुंच रही है, जो चिंता का विषय है। डा. आरसी भट्ट ने ओजोन परत गैस को नाज़ुक ढाल बताते हुए कहा कि ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाती है। पृथ्वी पर जीवन को संरक्षित करने मे मदद करती है। (संसू)

# बुलंदवाणी 21सितंबर 2023

## कर्णप्रयाग महाविद्यालय में एनएसएस के तहत 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' की हुई शानदार प्रस्तुति

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**

**चमोली, कर्णप्रयाग।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखण्ड व कर्नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी।




महाविद्यालय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है। यह देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम करने का एक सराहनीय प्रयास है।इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ.वेणीराम अन्थवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कर्नाटक राज्य, जिसे उत्तराखण्ड के साथ संबद्ध किया गया है,के खान-पान, सांस्कृतिक परिवेश व पर्यटन की विस्तृत जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी।कु.प्रज्ञा ने अपने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उत्तराखण्ड और कर्नाटक के विभिन्न पहलुओं पर तुलना करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला।वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने बताया कि समय-समय पर 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्र मोहन जनस्वाण व डा.हिना नौटियाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कर्नाटक व उत्तराखण्ड की संस्कृति का आदान-प्रदान होगा और इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अमर उजाला, 21 सितम्बर 2023

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड और कर्नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है। यह देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम करने का एक प्रयास है। डॉ. वेणीराम अंथवाल ने खान-पान, सांस्कृतिक परिवेश व पर्यटन की जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी। डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ. चंद्रमोहन जनस्वाण, डॉ. हिना नौटियाल ने कहा कि इस कार्यक्रम से कर्नाटक और उत्तराखंड की संस्कृति का आदान-प्रदान होगा। संवाद

## अमर उजाला, 23 सितम्बर 2023

# विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**कर्णप्रयाग।** पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में पं.गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कविता पाठक ने बताया कि बीते 10 सितंबर को महाविद्यालय में भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं हुई थीं। इनमें प्रथम रहे अखिलेश और निकिता को 500-500, द्वितीय रहे प्रज्ञा व प्रज्ञा को 300-300 रुपये और तृतीय स्थान पर रहे सलोनी व पायल को 200-200 रुपये के साथ प्रशस्तिपत्र भी दिए गए। इस मौके पर डॉ. पूनम, डॉ. स्वाति सुंदरियाल, डॉ. हिना नौटियाल, डॉ. एमएस कंडारी और डॉ. एमएल शर्मा आदि मौजूद थे। संवाद

23 सितम्बर 2023 दैनिक बुलन्द वाणी

# कर्णप्रयाग महाविद्यालय में निबंध व भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार में मिली नकद धनराशि

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**चमोली।** डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में भारतरत्न पं.गोविंद वल्लभ पंत की 136 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को नकद धनराशि व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को एडुसेट सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी। संयोजिका डा.कविता पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि 10 सितंबर को भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर महाविद्यालय में भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी। इनमें प्रथम रहे अखिलेश व निकिता को पांच-पांच सौ रुपए, द्वितीय रहे प्रज्ञा व प्रज्ञा को तीन-तीन सौ रुपए तथा तृतीय रहे सलोनी व पायल को दो-दो सौ रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिये गये हैं। आयोजन समिति की डा.पूनम,डा.स्वाति सुन्दरियाल, डा.शीतल देशवाल व डा.हिना नौटियाल सहित डा.एम.एस.कंडारी,डा.एम.एल. शर्मा,डा.मृगांक मलासी तथा डा.पंकज यादव ने विजयी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

बुलंदवाणी 23 सितम्बर 2023

# हंस कल्चरल सेंटर ने कर्णप्रयाग कालेज को किया कंप्यूटर फर्नीचर भेंट

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



**चमोली।** हंस कल्चरल सेंटर द्वारा डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग को 24 कंप्यूटर टेबल और 96 चेयर भेंट की हैं। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हंस कल्चरल सेंटर द्वारा यह फर्नीचर महाविद्यालय को भेंट स्वरूप दिया गया है। इस फर्नीचर से विद्यार्थियों को अध्ययन में काफी सुविधा हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि आगामी माह अक्टूबर में महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) का निरीक्षण भी होना है,इस दृष्टि से भी यह फर्नीचर अत्यंत उपयोगी रहेगा। महाविद्यालय परिवार ने हंस कल्चर सेंटर का आभार प्रकट किया है।